# बाढ़ के लिए संपत्ति को तैयार करना



## बाढ़ का पानी क्या होता है?

बाढ़ का पानी वह पानी होता है जो बारिश होने पर सतहों से बहता है।

बारिश के दौरान बाढ़ का पानी स्वाभाविक रूप से भूमि के न्यूनतम बिंदु की ओर बहता है। कम बारिश के दौरान इसका आमतौर पर लोगों या संपत्ति पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। हालांकि जब भारी बारिश होती है और बाढ़ के पानी को संभालने वाला नेटवर्क पूरा भर जाता है या कोई रुकावट होती है तो अधिक मात्रा में पानी भूमि के ऊपर से बहने लगता है और बाढ़ का कारण बन सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश काफी जल्दी - जल्दी और अत्यधिक तीव्रता से हो रही है। इसलिए हम सभी को बाढ़ के प्रति तैयार रहने की आवश्यकता है।

# बाढ़ के पानी के बारे में जानकारी

बाढ़ का पानी सार्वजनिक और निजी भूमि पर खुली नालियों, पुलियों, पाइपों, सड़कों के किनारे और पार्कों, झीलों और जल धाराओं से होते हुए समुद्र तक जाता है।

बाढ़ के पानी को संभालने वाले नेटवर्क को बनाए रखने में सभी की भूमिका है ताकि बाढ़ का प्रभाव सब पर कम पड़े। अपने परिवार, संपत्ति और समुदाय की सुरक्षा के लिए हमे चाहिए कि हम तूफानों के दौरान अपने पड़ोस से पानी को स्वतंत्र रूप से और सुरक्षित रूप से बहने दें।


## बाढ़ के पानी को संभालने वाले नेटवर्क का रख रखाव किसकी जिम्मेदारी है ?

बाढ़ के पानी को संभालने वाला सार्वजनिक नेटवर्क सभी समुदायों की सेवा करता है और इसका प्रबंधन ऑकलैंड काउंसिल (या ग्रामीण क्षेत्रों में ऑकलैंड ट्रांसपोर्ट) करती है। कुछ जगहों पर यह सार्वजनिक नेटवर्क निजी संपत्तियों के आरपार या नीचे भी हो सकता है।

निजी संपत्ति पर मौजूद पाइप और नालियां प्राइवेट नेटवर्क हैं जिसके द्वारा बाढ़ का पानी सार्वजनिक नेटवर्क तक पंहुचता है। आपके घरों से या पास से बहने वाली जल धाराएँ भी प्राइवेट नेटवर्क  का हिस्सा हैं। प्राइवेट नेटवर्क को सार्वजनिक नेटवर्क से कनेक्शन तक ठीक रखना मकान मालिक की जिम्मेदारी है। इसमें जल धाराएँ और स्थलीय प्रवाह के रास्ते भी शामिल हैं।

ऑकलैंड काउंसिल को **09 301 0101** पर अवरुद्ध नालियों, पुलियों, कैचपिट या ग्रेट्स जैसे बाढ़ के पानी के जोखिमों की रिपोर्ट करने के लिए या बाढ़ के पानी जमा होने की घटना की जांच का अनुरोध करने के लिए कॉल करें।

निजी संपत्ति पर नाली या पाइप अवरोधों को ठीक करवाने के लिए कृपया प्लंबर या नाली बनाने करने वाले को कॉल करें।



### स्थलीय प्रवाह का रास्ता क्या है?

स्थलीय प्रवाह का रास्ता भूमि पर बहने के लिए पानी द्वारा अपनाया गया प्राकृतिक मार्ग है।

भारी बारिश के दौरान यह स्थलीय प्रवाह का रास्ता अस्थायी रूप से एक तेज बहने वाली जल धारा बन सकता है।

### बाढ़ का मैदान क्या है?

बाढ़ का मैदान वह क्षेत्र होता है जहां भारी बारिश के दौरान बाढ़ के पानी से भरने की भविष्यवाणी होती है। यह क्षेत्र निचले इलाकों में और जल धाराओं और नदियों के बगल में होते हैं। इसमें वह क्षेत्र भी आते हैं जिनमें जल धाराओं में पाइप डाले गए हैं।





### बाढ़ की आशंका वाला क्षेत्र क्या है?

बाढ़ की आशंका वाला क्षेत्र वह निचले इलाके होते हैं जहां भारी बारिश के दौरान पानी इकट्ठा हो सकता है और रुक सकता है। खासकर जब बाढ़ के पानी का आउटलेट क्षमता तक पहुंच जाए। यह स्वाभाविक रूप से हो सकते हैं या भूमि में परिवर्तन द्वारा बन जाते हैं।

# अपने बाढ़ के जोखिम को जानें

## आपकी संपत्ति को कई कारणों से बाढ़ का खतरा हो सकता है, जैसे:

- यह एक खड़ी पहाड़ी/सड़क या ड्राइववे के निचले भाग पर है
- यह एक जल धारा या नदी के बगल में (या निकट) है
- संपत्ति पर या उसके पास बाढ़ का मैदान है या वहां बाढ़ का खतरा है
- संपत्ति के अंदर (या निकट) एक स्थलीय प्रवाह का रास्ता है
- यह एक शहरी क्षेत्र में है जिसमें बहुत सारी कठोर सतहें (जैसे कंक्रीट, डामर) हैं जो पानी को सोख नहीं सकतीं
- यदि भूमि या इमारतों में ऐसे परिवर्तन किए गए हैं जो बाढ़ के पानी के प्रवाह में बाधा डालते हैं
- वह निचले तटीय क्षेत्र में है।


**आप ऑकलैंड काउंसिल फ्लड व्यूअर पर जा कर पता लगा सकते हैं**
कि क्या आपकी संपत्ति को बाढ़ से खतरा है:
**aucklandcouncil.govt.nz/floodviewer**
(फ्लड व्यूअर के बारे में अधिक जानकारी के लिए इस पत्रक के पीछे पढ़ें)।


# तूफान की आशंका होने पर बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम करने के सरल तरीके

हम मौसम को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं और बाढ़ को रोकना हमेशा संभव नहीं है। परन्तु आप अपने परिवार जनों को तूफानों के लिए तैयार और बाढ़ से आपकी सम्पति को होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं।
निम्न कार्य करने पर विचार करें:

- वाहनों, मूल्यवान वस्तुओं और पशुधन को निचले क्षेत्रों से दूर ले जाएं जहां बाढ़ आ सकती है
- चेक करें कि गटर और नालियों पर मलबा ना जमा हो ताकि पानी आसानी से निकल सके
- कूड़ा-कचरा और मलबा साफ़ करें जो बाढ़ के पानी के साथ बह कर रुकावट पैदा कर सकता है
- घर में कीमती सामान और महत्वपूर्ण दस्तावेज ऊंचे स्थानों पर रखें
- सुनिश्चित करें कि गेराज और बेसमेंट जैसे स्थान जहां बाढ़ आ सकती है सोने के लिए उपयोग नहीं हो रहे हों।
- ज़रूरी सामान का बैग और आपातकालीन योजना तैयार रखें जिसमें आपके पालतू जानवर को तैयार रखना शामिल हो। आपको इसकी आवश्यता होगी यदि आपको सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ा। अधिक जानकारी के लिए **getready.govt.nz** पर जाएँ।
- काउंसिल को सार्वजनिक नेटवर्क (सड़क के किनारे नालियों) में किसी भी प्रकार की रुकावट के बारे में **09 301 0101** पर रिपोर्ट करें।


# बाढ़ के पानी से संपत्ति सम्बंधित समस्याएं




बंद गटर के कारण घर के पास पानी जमा हो जाता है
निचले इलाकों में वाहनों में पानी भर जाता है
ड्राईववे नीचा होने की वजह से पानी अन्दर आ जाता है
कंक्रीट की सतह पानी को नहीं सोखती जिससे बहाव बढ़ता है और पानी इमारतों में प्रवेश कर सकता है

## क्या आपका घर किराये पर है

वैसे तो संपत्ति का मालिक या मकान मालिक आमतौर पर संपत्ति पर काम और उसके रखरखाव के लिए जिम्मेदार होता है (बारीकियों के लिए अपने रैंट या लीज़ एग्रीमैंट की जाँच करें) परन्तु फिर भी आपको सावधान रहना चाहिए कि आप अपना सामान कहां रखते हैं और बाढ़ और क्षति के जोखिम को कम करने के लिए संपत्ति की देखभाल कैसे करते हैं।



# भविष्य में बाढ़ के प्रभाव को कम करने के लिए दीर्घकालिक सुधार

यदि आपकी संपत्ति बाढ़ के जोखिम/खतरे वाले क्षेत्र में है या पानी के प्राकृतिक प्रवाह में परिवर्तन किए गए हैं जैसे मलबे के कारण अगर स्थलीय प्रवााह का रास्ता बंद है या इसके ऊपर एक संरचना बनाई गई है तो पानी का बहाव अधिक हो सकता है। इसकी वजह से पानी आपकी संपत्ति और आपके घर के अंदर आ सकता है। यदि आपकी संपत्ति से होते हुए स्थलीय प्रवाह का रास्ता निकलता है तो पानी इस रस्ते से अपने आप बाहर निकल जाएगा। हालांकि बाढ़ के प्रभावों को कम करने के लिए आप अपनी ओर से कुछ सुधार करना चाहें तो कर सकते हैं।


**क्या आपके घर का बीमा बाढ़ से होने वाले के नुकसान को कवर करता है?**


यदि आप सक्षम हैं तो अपनी पॉलिसी में बाढ़ से संबंधित कवर की मात्रा बढ़ाने पर विचार करें।

- अगर आपका ड्राईववे सड़क से नीचे है और वह स्थलीय प्रवाह के रास्ते पर नहीं है तो सुनिश्चित करें कि वह काफी ऊंचा हो या उसपे एक छोटी सी पहाड़ी बनी हो ताकि पानी ड्राईववे से अंदर आने के बजाये सड़क पर रहे।
- लैंडस्केपिंग करते समय सुनिश्चित करें कि भूमि को ऐसा आकार दिया जाए कि पानी आपके घर से दूर रहे।
- आपके घर के फर्श की ऊँचाई आस-पास की ज़मीन से अधिक होनी चाहिए ताकी आपको अपने घर में प्रवेश के लिए कदम ऊपर रखना पड़े (या रैम्प हो)।
- आपके घर के पास पानी एकत्रित ना हो इसके लिए टूटे हुए गटर और डाउनपाइप को ठीक करवा लें या बदलवा लें।
- फेंस और इमारतों को स्थलीय प्रवाह के रास्ते से दूर रखें और सुनिश्चित करें कि फेंस के नीचे थोड़ी दूरी हो ताकि पानी को नीचे से जाने का रास्ता मिल सके।
- जहां तक संभव हो कंक्रीट जैसी कठोर सतहों को पानी सोखने वाली सामग्रियों जैसे घास या स्पेस्ड पेवर्स से बदलें ताकि वह पानी को सोख लें और पानी का बहाव कम हो।



# बाढ़ के पानी से संपत्ति सम्बंधित सुधार




से हो
जाये
घर का द्वार ऊँचा हो ताकि पानी घर में ना घुस सके
वाहनों को ऊंचाई पे खड़ा किया जाए
ड्राईववे पर एक छोटी सी पहाड़ी हो ताकि पानी सड़क पर ही रहे
पेवर्स पानी को सोखने वाले हों
जलधारा से कूड़ा-कचरा हटाएं और देसी पौधे लगाएं

# मेरी संपत्ति पर या उसके पास एक जल धारा है

ज्यादातर नाले जो किसी कि निजी संपत्ति से होकर या उसके पास से बह रही हैं वह निजी जल धाराएँ हैं । उन जल धाराओं और उन के किनारों का रखरखाव करना संपत्ति के मालिक की जिम्मेदारी है ताकि पानी स्वतंत्र रूप से बह सके।

भारी बारिश के दौरान पानी कि मात्रा बढ़ने से जल धाराएँ ऊपर तक भर सकती हैं। अपने घर को संभावित क्षति से बचाने के लिए जिन घरों के पास जलधारा है उन्हें चाहिए:

- जलधारा को मलबे, गिरे हुए पेड़ों, कचरे और तेजी से फैलने वाली खर-पतवार से स्वतंत्र रखें ताकि पानी आसानी से बह सके
- जल धारा के किनारों पर पतले तनों और पत्तियों वाले देशी पौधे लगाएं जो बाढ़ के दौरान सपाट रहेंगे। इससे पानी अपने साथ जल धारा के किनारे नहीं उखाड़ पायेगा और वन्यजीवों के लिए आवास भी बन जायेगा

जलधाराएँ अक्सर कई संपत्तियों से होकर बहती हैं, इसलिए अपने पड़ोसियों के साथ जलधारा को बनाए रखने के लिए काम करना एक अच्छा विचार है ताकि सभी बाढ़ से बेहतर सुरक्षित हो सकें। अपने पड़ोसियों से या अपने स्थानीय समुदाय / पर्यावरण समूह से बात करें और आपकी जल धारा में सुधार लाने के लिए अन्य स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर काम करने के बारे में उनसे चर्चा करें।

# क्या मुझे अपनी संपत्ति पर काम करने के लिए सहमति की आवश्यकता है?

किसी भी निर्माण जैसे ज़मीन के स्तर को ऊपर उठाने, जो पानी ना सोख सके ऐसे क्षेत्र को बढ़ाने या स्थलीय प्रवाह के रास्ते को बदलने के लिए काउंसिल से रीसोर्स कन्सैंट सहमति की आवश्यकता हो सकती है।

**सामान्य कार्य जिनके लिए बिल्डिंग कन्सैंट या रीसोर्स कन्सैंट सहमति की आवश्यकता है:**

- बाढ़ के खतरे वाले मैदान पर इमारतों और संरचनाओं (जैसे फेन्सेस) का निर्माण
- स्थलीय प्रवाह के रास्ते को मोड़ना, बदलना या अवरुद्ध करना
- एक जल धारा में (या उसके बगल की) ज़मीन पर काम
- जल धारा के 10 मीटर के भीतर वनस्पति हटाना, जहां पौधों की प्रजातियां देशी हैं या गैर-देशी हैं जो क्षेत्रीय कीट प्रबंधन योजना में सूचीबद्ध नहीं हैं
- जल धारा (या उसके बगल) में नई या पुनर्निर्मित संरचनाएं (फेंस सहित)।

आप **aucklandcouncil.govt.nz** पर जाके जानकारी ले सकते हैं कि आपको कब-कब कन्सैंट की आवश्यकता होगी और उसके लिए कैसे आवेदन करना है। हमेशा आप पहले काउंसिल या घर निर्माण करने वाले विशेषज्ञ से सलाह लें यह जानने के लिये कि आपकी संपत्ति के लिए कौनसी कन्सैंटों कि आवश्यकता हैं।

### अपने पड़ोसियों के बारे में सोचें

अपनी संपत्ति में परिवर्तन करते समय अपने पड़ोसियों के बारे में भी सोचें और कहीं और बाढ़ के जोखिम को बढ़ाने से बचें।

जो बाढ़ का पानी स्वाभाविक रूप से आपकी सम्पति से होके बह रहा है उसे जानबूझकर पड़ोसी की संपत्ति की तरफ़ मोड़ना अवैध है। पानी को अपने प्राकृतिक रास्ते से नीचे बहने दें। इसके प्रभाव से बचने का प्रबंध प्रत्येक संपत्ति के मालिक को स्वयं करना होगा।

# पता लगायें कि क्या आपकी संपत्ति को बाढ़ का खतरा है




यह देखने के लिए कि क्या आपकी संपत्ति पर बाढ़ के खतरे मौजूद हैं, **Auckland Flood Viewer** पर इंटरैक्टिव मानचित्र का उपयोग करें

यह एक मुफ्त, आसान ऐप है जो स्मार्टफोन, टैबलेट या कंप्यूटर पर उपलब्ध है। Flood Viewer पर जाके आप बाढ़ के मैदानों, स्थलीय प्रवाह के रास्तों , बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों और तटीय बाढ़ के खतरे वाले क्षेत्रों की जानकारी ले सकते हैं एवं आपको वहां सलाह और वीडियो भी मिलेंगी जो आपके परिवार और सम्पति को सुरक्षा पहुँचाने में मदद करेंगी।

Flood Viewer पर जो जानकारी है वह सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और LIM रिपोर्ट पर अनुरोध करने से भी उपलब्ध हो सकती है। क्षेत्र में बाढ़ का पानी कहाँ और कब जाने की संभावना है इस बात की जानकारी समय-समय पर अपडेट की जाती है इसलिए आप उसे नियमित रूप से देखते रहें कि कहीं आपकी संपत्ति के बारे में कोई जानकारी बदल तो नहीं गई है।

**aucklandcouncil.govt.nz/floodviewer** पर जाएं

24-PRO-0299

03/2024 Hindi